# 5 राजस्थान की जलवायु

1. राजस्थान में दक्षिण पूर्व दिशा से चलने वाली हवा कहलाती है–
(1) संजेरी (2) समदरी
(3) चील (4) लंकाऊ (3)

व्याख्या– चील– दक्षिण पूर्वी दिशा से चलने वाली हवा
संजेरी – उत्तर पूर्व दिशा से चलने वाली हवा
समदरी – दक्षिण पश्चिम दिशा से चलने वाली हवा
लंकाऊ – दक्षिण दिशा से चलने वाली हवा

2. अलनीनो के अत्यधिक सक्रिय होने पर भारतीय मानसून पर क्या प्रभाव पड़ता है–
(1) भारतीय मानसून की शक्ति बढ़ जाती है।
(2) भारतीय मानसून कमजोर पड़ जाता है।
(3) मानसून समय से पूर्व आ जाता है।
(4) कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। (2)

व्याख्या– अलनीनो एक गर्म जलधारा है, जो दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप के पश्चिम में प्रशान्त महासागर में ग्रीष्मकालीन मानसून के दौरान सक्रिय होती है। जब अलनीनो अत्यधिक सक्रिय होती है तो इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ जाता है, परिणामस्वरूप भारत व पड़ौसी देशों में अल्पवृष्टि एवं सूखे की स्थिति पैदा हो जाती है।

3. राजस्थान में तापमान के संदर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है ?
(1) न्यूनतम दैनिक तापांतर वाला स्थान– माउंट आबू।
(2) न्यूनतम वार्षिक तापांतर वाला जिला– डूँगरपुर।
(3) सर्वाधिक दैनिक तापांतर वाला जिला– चुरू
(4) राजस्थान का सर्वाधिक गर्म जिला– चुरू। (3)

व्याख्या–राजस्थान में सर्वाधिक दैनिक तापान्तर वाला जिला जैसलमेर है।

4. सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत कब चमकता है?
(1) 23 सितम्बर (2) 21 मार्च
(3) 21 जून (4) 22 दिसम्बर (3)

5. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार BWhw जलवायु प्रदेश में राज्य का कौनसा क्षेत्र आता है?
(1) कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़
(2) डीग, धौलपुर, करौली, गंगापुर सिटी
(3) जैसलमेर, बीकानेर, अनूपगढ़, गंगानगर
(4) सांचौर, सिरोही, बाड़मेर, जोधपुर ग्रामीण। (3)

6. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार जलवायु प्रदेशों के प्रतिनिधि जिले का कौनसा युग्म असंगत है?
(1) BWhw- जैसलमेर (2) BShw- नागौर
(3) Cwg- टोंक (4) Aw- डूँगरपुर (1)

व्याख्या– कोपेन की जलवायु वर्गीकरण के अनुसार BWhw जलवायु प्रदेश में जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़ व गंगानगर जिले आते हैं। इस प्रदेश का प्रतिनिधि जिला बीकानेर है।

7. राजस्थान में किस दिशा में वर्षा की मात्रा में वृद्धि होती है?
(1) उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व
(2) उत्तर–पूर्व से उत्तर–पश्चिम
(3) दक्षिण पूर्व से उत्तर–पश्चिम
(4) दक्षिण–पश्चिम से उत्तर– पूर्व। (1)

8. सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी कब पड़ती है–
(1) 22 दिसम्बर (2) 21 मार्च
(3) 21 जून (4) 23 सितम्बर (1)

व्याख्या– 22 दिसम्बर को सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी पड़ती है। 22 दिसम्बर की रात राजस्थान में सबसे लम्बी रात व सबसे छोटा दिन होता है। यह राजस्थान का सबसे ठण्डा दिन माना जाता है।

9. राज्य में वर्षा ऋतु की अवधि रहती है?
(1) जुलाई से अक्टूबर तक
(2) मध्य जून से सितम्बर तक
(3) जूलाई से मध्य अक्टूबर तक
(4) जून से मध्य नवम्बर तक (2)

10. राजस्थान में मानसून पूर्व होने वाली वर्षा क्या कहलाती है?
(1) डांफर (2) पूरवाई
(3) दोगड़ा (4) मोथिया (3)

11. राजस्थान में किस दिन प्रकाश की अवधि सबसे ज्यादा होती है?
(1) 21 जून (2) 21 मार्च
(3) 1 जूलाई (4) 22 दिसम्बर (1)

व्याख्या– 21 जून को सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती है। कर्क रेखा राजस्थान की दक्षिणी भाग से गुजरती है। इस दिन राजस्थान में प्रकाश की अवधि सर्वाधिक होती है। यह राजस्थान का सबसे लम्बा दिन (13 घंटे 27 मिनट) होता है। कर्क रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ने से इस दिन राजस्थान में भंयकर गर्मी पड़ती है। इसलिए 21 जून राजस्थान का सबसे गर्म दिन माना जाता है।

12. राजस्थान में मानसून का प्रवेश द्वार है?
(1) झालावाड़ (2) बाँसवाड़ा
(3) सांचौर (4) माउंट आबू (2)

13. कोपेन के वर्गीकरण के आधार पर निम्नलिखित में से कौनसा प्रदेश सलूम्बर जिले को दर्शाता है–
(1) BShw (2) Cwg
(3) BWhw (4) Aw (4)

व्याख्या– कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार Aw जलवायु प्रदेश में डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़, सलूम्बर, दक्षिणी चित्तौड़, झालावाड़, दक्षिणी उदयपुर व दक्षिणी बारां जिले आते हैं।

14. राजस्थान को कितने कृषि जलवायु प्रदेशों में विभक्त किया गया है?
(1) 5 (2) 8 (3) 10 (4) 12 (3)

15. राजस्थान में गर्मियों में धूल भरे चक्राकार बवण्डर उठते हैं उसे कहते हैं?
(1) लू (2) पुरवाइयाँ
(3) भभूल्या (4) डांफर (3)

16. राजस्थान का सबसे शुष्क स्थान कौनसा है?
(1) सम (2) गुढामलानी
(3) फलौदी (4) घोटारू (3)

17. झालावाड़ जिला किस जलवायु प्रदेश का भाग है?
(1) शुष्क (2) आर्द्र
(3) अतिआर्द्र (4) उपआर्द्र (3)

18. राज्य के किस जिले में वार्षिक वर्षा में विषमता का सर्वाधिक प्रतिशत है?
(1) जैसलमेर (2) चूरू
(3) बाड़मेर (4) झालावाड़ (1)

19. राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा वाला संभाग है?
(1) पाली (2) भरतपुर
(3) कोटा (4) बांसवाड़ा (3)

20. मानसून किस भाषा का शब्द है?
(1) अरबी (2) हिन्दी
(3) जर्मनी (4) लैटिन (1)

21. राजस्थान में दक्षिणी पश्चिमी दिशा से चलने वाली हवा क्या कहलाती है?
(1) सूरया (2) संजेरी
(3) समदरी (4) लंकाऊ (3)

22. बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाएँ क्या कहलाती है?
(1) झालां (2) समदरी
(3) तापलहरी (4) पूरवाई (4)

23. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान के किस प्रदेश में Aw प्रकार की जलवायु पाई जाती है–
(1) उत्तरी प्रदेश (2) दक्षिणतम प्रदेश
(3) पूर्वी प्रदेश (4) पश्चिमी प्रदेश (2)

24. राजस्थान में शीतकालीन वर्षा उन चक्रवातों के परिणामस्वरूप होती है, जो उत्पन्न होते हैं–
(1) भूमध्य सागर (2) दक्षिणी चीन सागर
(3) कैरेबियाई सागर (4) हिन्द महासागर (1)

25. भारतीय मौसम विभाग के वर्गीकरण के अनुसार डीग, धौलपुर, करौली व गंगापुर सिटी किस जलवायु प्रदेश में आते हैं?
(1) शुष्क जलवायु प्रदेश (2) अर्द्धशुष्क जलवायु प्रदेश
(3) उपआर्द्र जलवायु प्रदेश (4) आर्द्र जलवायु प्रदेश (4)

**व्याख्या–** भारतीय वैज्ञानिकों के वर्गीकरण के अनुसार आर्द्र जलवायु प्रदेश में डीग, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, उत्तरी सलूम्बर, कोटा, बूँदी, बारां व उत्तरी प्रतापगढ़ जिले आते हैं।

26. राजस्थान में पौष माह में चलने वाली ठण्डी हवाएँ कहलाती है–
(1) समदरी (2) सिली
(3) संजेरी (4) पूरवाई (2)

27. राजस्थान में न्यूनतम वर्षा वाला स्थान है–
(1) देचू (फलौदी) (2) चौहटन (बाड़मेर)
(3) रावतसर (हनुमानगढ़) (4) सम (जैसलमेर) (4)

28. राजस्थान में मावठ से सर्वाधिक लाभान्वित होने वाली फसलें हैं–
(1) मूँगफली व कपास (2) तिल व सोयाबीन
(3) बाजरा व मोठ (4) चना व गेहूँ (4)

29. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार BShw जलवायु प्रदेश में शामिल जिलों का सही युग्म है–
(1) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली
(2) अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़
(3) चुरू, झुंझुनूं, सीकर, नागौर
(4) जैसलमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर (3)

30. भारत की परम्परागत ऋतुओं के अनुसार जनवरी, फरवरी माह में कौनसी ऋतु होती है?
(1) बसन्त ऋतु (2) हेमन्त ऋतु
(3) शिशिर ऋतु (4) शरद ऋतु (3)

31. वर्षा मापने के यंत्र को क्या कहा जाता है?
(1) फेदोमीटर (2) रेनोमीटर
(3) लेक्टोमीटर (4) इनमें से कोई नहीं (2)


32. सूखे की स्थिति में अचानक वर्षा होना कहलाता है–
(1) खण्डवृष्टि (2) अनावृष्टि
(3) अतिवृष्टि (4) अल्पवृष्टि (1)


33. राजस्थान में भयंकर आवाज के साथ तेज चलने वाली हवा कहलाती है–
(1) अर्डाव (2) डांफर
(3) भभूल्या (4) शीतलहर (1)


34. 'पाला पड़ना' का राजस्थान में अर्थ है–
(1) सर्दी में तापमान शून्य से भी कम हो जाने पर फसलें खराब होने की स्थिति
(2) सर्दी में तापमान कम होने पर आदमी का अकड़ जाना
(3) सर्दियों में साईबेरियन हवाओं के आगमन को
(4) गर्मियों में अचानक सर्दी पड़ना (1)

Dhindhwal Publication Read, Revise and Achieve

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है । ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें ।